Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Khaire Shri Chandrakant Bhaurao

>

Title : Need to ensure strict compliance of rules enacted for regulating lottery business in Maharashtra and other parts of the country.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत के कई राज्यों, विशेाकर महाराट्र में राज्य सरकार ने लॉटरी व्यवसाय के लिए जिन एजेंसियों के साथ करार किया है, वे एजेंसियां बड़े पैमाने पर रैवेन्यू की चोरी कर, सरकार को घाटा पहुंचा रही हैं। यह एक गम्भीर मामला है और इससे बड़े पैमाने पर भ्रटाचार भी फैल रहा है। महाराट्र सरकार ने ऑनलाइन लॉटरी और इंटरनैट लॉटरी के लिए जिन एजेंसियों को नियुक्त किया है, वे ही, सरकार के अधिकार में आने वाले रैवेन्यू की चोरी कर रही है। राज्य सरकार के अधिकारी जो इस व्यवसाय को सरकारी स्तर पर देखते हैं, उनसे मैंने इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लिखित अनुरोध किया था, परन्तु उन्होंने इस जानकारी को उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। यह शक पैदा करने वाली बात है। माननीय गृह मंत्री से मेरा अनुरोध है कि वे इस व्यवसाय के नियमों और कानूनों को कड़ाई से पालन करने हेतु एजेंसियों को हिदायत दें।